लता जी के गानों ने लोगों को जोड़ा है

लता जी ने अपने गीतों के माध्यम से हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ाया है

लोक सभा अध्यक्ष ने भारत रत्न लता मंगेशकर के निधन पर शोक जताया

नई दिल्ली 06 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर गहरा शोक जताया है। अपने संदेश में श्री बिरला ने कहा कि:

"लता मंगेशकर जी के निधन पर मेरी गहन संवेदनाएं।अपने समृद्ध स्वरों से उन्होंने संगीत को नई ऊंचाइयां दी।लता दी के गाए गीत लोगों को जोड़ते थे तथा भाषा के बंधन को तोड़ उनके गाए गीत विश्व के प्रत्येक हिस्से तक पहुंचे। अनेक अवसरों पर उन्होंने हमारे सैनिकों का मनोबल बढ़ाया और उनसे प्रेरणा पाकर लाखों युवा संगीत से जुड़े। उनका निधन सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है । लता मंगेशकर अपने गीतों से सदैव हमारी स्मृतियों में रहेंगी। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी पवित्र आत्मा को ईश्वर के चरण कमलों में मोक्ष प्राप्ति हो । ॐ शांति "